हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

14 जल प्रबंधन के लिए बेगपुर में 1.30 करोड़ से तैयार होगा वाटर रिचार्ज प्रोजेक्ट



14 वकीलों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने में हमेशा सहयोग किया: सूरा



# राजीव चौक की पुरानी अनाज मंडी पुनः डिनोटिफाई अब यहां नहीं होगी जींसों की खरीद फरोख्त

## 30 अप्रैल तक ही मिला था समय, एक मई से नई मंडी में शिफ्ट होंगे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के राजीव चौक के समीप स्थित पुरानी अनाज मंडी को एक बार फिर सरकार ने डिनोटिफाई कर दिया है। इसके चलते अब यहां पर अनाज की खरीद-फरोख्त पूरी तरह बंद कर दी जाएगी और व्यापारियों को नांगल चौधरी रोड स्थित नई अनाज मंडी में शिफ्ट होना होगा। इस संबंध में मार्केट कमेटी ने व्यापारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल यादव और सचिव नुकुल यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि पुरानी मंडी में काम करने की समय-सीमा 30 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी। इसके बाद एक मई से जल महल के समीप बनी नई अनाज मंडी में ही सभी गतिविधियां संचालित होंगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब पुरानी मंडी में न तो अनाज खरीदा जा सकेगा और न ही बेचा जा सकेगा। मार्केट कमेटी अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि आगामी आदेशों तक पुरानी मंडी में किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त की अनुमति नहीं होगी। ऐसे में व्यापारियों को नई मंडी में ही अपनी गतिविधियां संचालित करनी होंगी। इस फैसले से जहां एक ओर मंडी व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में कदम माना जा रहा है, वहीं व्यापारियों और किसानों के लिए भी यह एक बड़े बदलाव का संकेत है।

**मार्केट कमेटी ने जारी किए निर्देश, दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगी बोली**

**करीब पांच वर्षों से मिलती रही एक्सटेंशन, अब सख्ती के संकेत**



नारनौल। व्यापारियों की मीटिंग लेते हुए। फोटोः हरिभूमि

### नई मंडी में 12:30 बजे से शुरू होगी बोली

बैठक में व्यापारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने किसानों को नई अनाज मंडी में ही फसल लाने के लिए प्रेरित करें। नई मंडी में प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से बोली की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन व्यापारियों की वहां दुकानें नहीं हैं, वे किसी अन्य व्यापारी के साथ मिलकर या टीनशेड के नीचे अपने किसानों की उपज की ढेरी लगाकर बिक्री कर सकते हैं। मार्केट कमेटी ने व्यापारियों से अपील की कि वे प्रशासन के आदेशों का पालन करें और नई मंडी को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में सहयोग दें।

### छोटी और भीड़भाड़ के कारण बदली व्यवस्था

उल्लेखनीय है कि राजीव चौक स्थित पुरानी अनाज मंडी शहर के बीचों-बीच होने के कारण वर्षों से भीड़भाड़ और स्थान की कमी की समस्या से जूझ रही थी। शहरी विस्तार और बढ़ती आबादी के चलते यह मंडी आकार में छोटी पड़ गई थी। इसी को देखते हुए सरकार ने नांगल चौधरी रोड पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई अनाज मंडी का निर्माण करवाया था। करीब पांच वर्ष पहले ही आढ़तियों को नई मंडी में शिफ्ट करने के आदेश जारी कर दिए गए थे, लेकिन तब व्यापारी धरना-प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल पर अड़ गए थे। बाद में हर वर्ष राजनीतिक स्तर पर प्रयास कर पुरानी मंडी के लिए एक्सटेंशन हासिल कर लेते थे। इससे यह मंडी बार-बार पुनः चालू हो जाती थी। हालांकि इस बार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### व्यापारियों ने जताई उपस्थिति

बैठक में प्रधान रामजीलाल मित्तल, प्रवक्ता बद्री प्रसाद गर्ग, रूपनारायण, मुकेश शिमला वाले, पूर्व प्रधान पुष्कर्मल गोयल, अशोक यादव, रमेश सिंघल, रामगोपाल मित्तल, दीपक गोयल, शशिकांत बंसल, रविंद्र गर्ग, प्रदीप शर्मा, पंकज बंसल, देवकीनंदन गोयल, इंद्र सिंघल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हैकर्स ने बैंक खाते निकाले 71335 रुपये

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इस बारे में शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार, सेहलंग ने बताया कि बीती नौ फरवरी की रात उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। जिसने कहा कि वह एचडीएफसी बैंक से बोल रहा है। उसने कहा कि उनका क्रेडिट कार्ड ब्लॉक हो गया है और उसे चालू करने के पांच हजार का चार्ज देना पड़ेगा। आरोपित ने धोखे से उसके ओटीपी नंबर और बैंक कार्ड डिटेल्स ले ली। उसके बाद उनके बैंक खाते से 71335 रुपये कट गए।

### निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर आज

**नारनौल।** स्वर्गीय श्रीमती संतोष यादव (निहालो) की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर का आयोजन एक मई को मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेघोत हाला में किया जाएगा। मानव जागृति मंच के अध्यक्ष जगमाल सिंह डीईपी ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों का पंजीकरण सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा।



### हत्या के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** निजामपुर थाना पुलिस ने गांव मूसनौता में पुष्कर नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में एक और आरोपित राजेश वासी नांगल दर्गु को 28 अप्रैल को देर शाम नांगल चौधरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिसको न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। जांच में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पहले भी लूट का मामला दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए अब तक कुल छह आरोपितों को गिरफ्तार है।

### सीआईए ने अवैध शराब के साथ एक किया काबू

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने नारनौल रोड स्थित राजकीय कॉलेज के समीप घेराबंदी कर एक युवक को उसकी स्विफ्ट गाड़ी और अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियों के साथ काबू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीआईए की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट गाड़ी में अवैध शराब लेकर कॉलेज के पास खड़ा है और किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

## ग्रामीण महिलाओं को अब मिलेगी नजदीक बेहतर मातृत्व सुविधा

# पटीकरा के आयुर्वेदिक अस्पताल में गूंजी पहली 'किलकारी'

**प्रसूति सेवाओं की शुरुआत होने से क्षेत्र में खुशी की लहर**

***आयुर्वेदिक देखभाल के साथ आधुनिक प्रसूति सेवाओं का समन्वय***

राजकुमार ▶▶| नारनौल

क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक ऐतिहासिक और सुखद क्षण उस समय देखने को मिला, जब पटीकरा स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल एवं महाविद्यालय में प्रसूति सेवाओं की शुरुआत के साथ ही पहली बार एक महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। अस्पताल में गूंजी इस पहली किलकारी ने न केवल चिकित्सकों और स्टाफ के चेहरे पर मुस्कान ला दी, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना दिया।

बीती शाम शुरू हुई इस नई सेवा के तहत प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम की निगरानी में सफलतापूर्वक सामान्य प्रसव करवाया गया। प्रसव के बाद मां और नवजात दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस उपलब्धि को अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों और स्थानीय लोगों ने एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा है। चिकित्सा अधीक्षक एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. श्रीनिवास गुज्जरवार ने बताया कि गत 25 अप्रैल 2026 को संस्थान में विधिवत रूप से प्रसूति सेवाओं का शुभारंभ किया गया था। जब गर्भवती महिला प्रसूति के लिए अस्पताल में एडमिट हुई तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. शशि, डॉ. नेहा, डॉ. दीपिका, डॉ. मनीषा तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप, डॉ. शिवजी, डॉ. अनुकृति, डॉ. अमनदीप और डॉ. पंकज ने मिलकर इस पहले प्रसव को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि इस सेवा के शुरू होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को अब सुरक्षित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण मातृत्व सेवाएं अपने नजदीक ही मिल सकेंगी। इससे महिलाओं को दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय पर उपचार संभव हो सकेगा।

### महिला ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म



नारनौल। शिशु को जन्म देने वाली माता एवं चिकित्सकों व स्टॉफ की टीम। फोटो: हरिभूमि

### क्षेत्रवासी उठाएं लाभ

चिकित्सा अधीक्षक डा. श्रीनिवास ने क्षेत्रवासियों से कहा है वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच एवं सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल लाएं, ताकि स्वस्थ समाज की दिशा में यह प्रयास सफल हो सके।

### उपलब्ध हैं जांच एवं उपचार की सुविधाएं

अस्पताल में अब सामान्य प्रसव के साथ-साथ गर्भावस्था की नियमित जांच, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को आयुर्वेदिक परामर्श, संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली और शिशु के स्तनपान से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी जा रही है, जिससे मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर बनाया जा सके। पहले ही दिन मिली इस सफलता ने अस्पताल प्रशासन का उत्साह बढ़ा दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि भविष्य में यहां और अधिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे यह संस्थान क्षेत्र का प्रमुख मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र बन सके।

### परिजनों ने जताया आभार

इस अवसर पर नवजात के परिजनों ने भी अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि गांव के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है। पहले उन्हें प्रसव के लिए शहर के बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की समस्या आती थी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया है। उनका मानना है कि इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी, बल्कि संस्थागत प्रसव को भी बढ़ावा मिलेगा, जो मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायक साबित होगा।

### जिले को मिले 13 नए विशेषज्ञ चिकित्सक

- **जिले में अब विशेषज्ञ चिकित्सकों की कुल संख्या 58 हुई**

**नारनौल।** प्रदेश सरकार राज्य के नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिले के स्वास्थ्य बेड़े में स्पेशलाइजेशन वाले 13 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इन नए चिकित्सकों के आने से अब जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कुल संख्या बढ़कर 58 हो गई है। इनमें से छह कनीना, दो महेंद्रगढ़ तथा पांच चिकित्सक नारनौल में अपनी सेवाएं देंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि जिले में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत हैं। सरकार का मुख्य ध्येय अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इसी क्रम में जिले को मिले ये 13 नए विशेषज्ञ डॉक्टर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर अपनी सेवाएं देंगे। इससे अब स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और उपचार उपलब्ध हो सकेगा। विशेषज्ञों की संख्या में हुई इस वृद्धि से जिला नागरिक अस्पताल सहित अन्य संबंधित चिकित्सा संस्थानों की कार्यक्षमता में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि अब जिले में कुल 58 स्पेशलिस्ट डॉक्टर होने से गंभीर बीमारियों के निदान और उपचार के लिए स्थानीय निवासियों को दूसरे बड़े केंद्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

## कनीना में 10 हजार क्विंटल सरसों की आवक, आज बंद हो सकती है खरीद



कनीना। अनाज मंडी चेलावास में गेहूं की आवक। फोटो : हरिभूमि

- **15 मई तक हो सकती है गेहूं की खरीद**
- **सरसों की खरीद हैफेड व गेहूं की खरीद के लिए फूड सप्लाई अधिकारी जुटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

अनाज मंडी में सरसों की 10 हजार क्विंटल सरसों की खरीद होने के बाद एक मई को सरकारी खरीद बंद हो सकती है। जबकि गेहूं की खरीद आगामी 15 मई तक होने की संभावना है। मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह व वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी में बिजली, पानी सहित बैठने की उत्तम व्यवस्था की की गई है।

फसल खरीद के बाद किसानों के खातों में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई अनाज मंडी में बीती 28 मार्च से सरसों की खरीद शुरू हुई थी। प्राइवेट रेट अधिक होने के कारण 26886 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जिसमें से 21110 क्विंटल सरसों का उठान किया जा चुका है। प्राइवेट रेट कम आने पर पिछले सप्ताह भर से सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से नैफेड के लिए सरसों की खरीद की जा रही है। अब तक करीब 10 हजार क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से प्रारंभ हुई थी। खरीद एजेंसी खाद्य एवं पूर्ति विभाग की ओर से 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जा रही है। अब तक 81279 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से करीब 61 हजार क्विंटल का उठान कर दिया गया है। खरीदे गए गेहूं का 72 घंटे के अंतराल में भुगतान किया जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नारनौल।** रेलवे फाटक नंबर 45 नजदीक श्री श्याम मंदिर के समीप लाइन क्रॉस करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं होने के चलते डैडबॉडी को नागरिक अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 30 वर्षीय एक युवक पॉलीटेक्निक के समीप बुधवार दोपहर करीब 12 बजे रेलवे लाइनों को पार कर रहा था। जब वह लाइनें पार कर रहा था, तब अचानक से आती ट्रेन उसे दिखाई नहीं दी। हालांकि उसने भागकर जान बचाने की भी कोशिश की, लेकिन वह अंततः उसकी चपेट में आ ही गया, जिससे लगी चोटों के कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी वहां पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव की शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन यह संभव नहीं हो सका। जीआरपी के इंचार्ज कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि युवक करीब 30 साल का है तथा उसका शव शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## दिल्ली पुलिस कांस्टेबल ड्राइवर भर्ती का परिणाम जारी, अगली प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कर्मचारी चयन आयोग ने दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल (ड्राइवर) पुरुष भर्ती परीक्षा के कंप्यूटर आधारित टेस्ट का परिणाम आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। यह परीक्षा 16 और 17 दिसंबर को देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई थी। इस भर्ती प्रक्रिया में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने भाग लिया था, जिसके कारण परीक्षा को कई शिफ्टों में आयोजित करना पड़ा। आयोग द्वारा जारी आधिकारिक नोटिस के अनुसार, परीक्षा के अलग-अलग शिफ्टों में प्रश्नपत्रों के कठिनाई स्तर में संभावित अंतर को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों के अंकों का मूल्यांकन नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के आधार पर किया गया है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सभी परीक्षार्थियों के साथ निष्पक्षता बनाए रखना और समान अवसर सुनिश्चित करना है। नॉर्मलाइजेशन के बाद तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया के अगले चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

### कट-ऑफ और चयनित उम्मीदवारों की संख्या

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य | 83.40374 अंक | 1028 उम्मीदवार |
| ओबीसी | 83.19193 अंक | 3092 उम्मीदवार |
| ईडब्ल्यूएस | 83.40374 अंक | 1574 उम्मीदवार |
| एससी | 78.09459 अंक | 1538 उम्मीदवार |
| एसटी | 74.29263 अंक | 986 उम्मीदवार |

(कुल मिलाकर 8218 उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया है।)

### आगे की प्रक्रिया

अब चयनित उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और ट्रेड टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। आयोग जल्द ही इन चरणों की तारीख और एडमिट कार्ड से जुड़ी जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करेगा।

## कर्मचारी संगठनों का संयुक्त बयान, 'निष्पक्ष और कर्मचारी हितैषी हैं जीएम'

# महाप्रबंधक देवदत्त के समर्थन में उतरीं यूनियनें, आरोप बताए निराधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- **नई बस रूट, सुविधाओं के विस्तार और ओवरटाइम नीति पर भी दी सफाई**

हरियाणा परिवहन विभाग के नारनौल डिपो के महाप्रबंधक देवदत्त पर लगाए गए आरोपों को लेकर विवाद के बीच अब विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने खुलकर उनका समर्थन किया है। बुधवार को हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ, जागृति मंच, सर्व कर्मचारी संघ और इंटक के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि महाप्रबंधक देवदत्त ईमानदार, निष्पक्ष और कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देने वाले अधिकारी हैं तथा उनके खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। संयुक्त बयान में हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रधान युजवेंद्र यादव, जागृति मंच के प्रधान प्रीतम बागड़ी, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान नीरज यादव और इंटक के प्रधान हंसराज यादव ने कहा कि देवदत्त के कार्यभार संभालने के बाद से डिपो में कार्यप्रणाली पारदर्शी हुई है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव के सभी कर्मचारियों को समान अवसर दिए हैं और मेडिकल आधार पर जरूरतमंद कर्मचारियों को लाइट ड्यूटी भी उपलब्ध कराई है, जिससे कर्मचारियों में संतोष का माहौल है।

### कुछ कर्मचारियों पर लगाए स्वार्थ के आरोप

यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विरोध करने वाली यूनियन के कुछ सदस्य व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते यह माहौल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित यूनियन का प्रेस प्रवक्ता जितेंद्र पहले विभिन्न सुविधाजनक ड्यूटियों पर कार्यरत रहा, लेकिन महाप्रबंधक द्वारा उसे नियमित मार्ग ड्यूटी पर लगाने के बाद से ही वह असंतुष्ट है। ऐसे 10-12 कर्मचारी ही हैं, जो अपने हितों के लिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं।

### नए रूट और सुविधाओं से जनता को लाभ

वहीं ब्रह्मप्रकाश सीआई ने भी महाप्रबंधक का समर्थन करते हुए कहा कि देवदत्त द्वारा विभाग, कर्मचारियों और आमजन के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। श्रद्धालुओं की मांग पर नारनौल से सालासर, खाटू श्याम, कनीना से चित्तौड़गढ़ और महेंद्रगढ़ से कोसली-झज्जर होते हुए दिल्ली तक नई बस सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों जैसे सोहला और कादमा के लिए भी नई रूट शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि डिपो में 74 ड्राइवरों की कमी होने के बावजूद महाप्रबंधक बेहतर परिवहन सेवाएं देने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही महेंद्रगढ़ सब डिपो से कनीना बस स्टैंड के निर्माण के लिए 10.67 लाख रुपये का बजट स्वीकृत करवाकर पीडब्ल्यूडी को भेजा गया है, जिससे निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सकेगा।

### वायरल वीडियो पर भी दी सफाई

वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए यूनियनों ने कहा कि वर्ष 2002 की ओवरटाइम नीति के अनुसार लंबी रूट पर हर 5 घंटे बाद चालक-परिचालक को 30 मिनट का विश्राम देना अनिवार्य है। यह प्रावधान उनकी सुरक्षा के लिए है, ताकि थकान के कारण दुर्घटनाओं से बचा जा सके। ऐसे में इस व्यवस्था को गलत तरीके से प्रस्तुत करना विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। यूनियन नेताओं ने अपील की कि सभी कर्मचारी विभाग की गरिमा बनाए रखें और जनहित में बेहतर सेवाएं देने के लिए सहयोग करें।

## गांव में रात्रि ठहराव कर प्रशासन ने सुनीं समस्याएं, त्वरित समाधान का दिलाया भरोसा

# गुवानी में डीसी ने सुनीं समस्याएं, पेयजल संकट समाधान के लिए बनी कमेटी

कार्यक्रम का आयोजन शहीद लाल सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत अधिकारियों को गांवों में रात्रि ठहराव कर ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर सुनकर उनका समाधान करने के आदेश दिए गए हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन द्वारा सिहमा खंड के गांव गुवानी स्थित शहीद लाल सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। इस समाधान शिविर में कुल 33 शिकायतें जिला उपायुक्त के समक्ष रखी गई। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें।



मंडी अटेली। गुवानी में उपायुक्त अनुपमा अंजलि रात्रि ठहराव में शिकायत सुनते हुए व उपायुक्त स्टॉल की जानकारी लेती हुई। फोटो : हरिभूमि

### सायं छह बजे ही पहुंच गया था प्रशासन

गांव गुवानी में आयोजित इस समाधान शिविर में जिला उपायुक्त डॉ. अनुपमा अंजलि और पुलिस अधीक्षक दीपक सायं करीब छह बजे पहुंचे थे। शिविर के बैनर पर रात्रि ठहराव का उल्लेख किया गया था, लेकिन रात करीब साढ़े नौ बजे ही उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी अपनी गाड़ियों से नारनौल स्थित अपने निवास स्थान के लिए रवाना हो गए, जिससे रात्रि ठहराव की व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए।

### सरपंच की सराहना की

उपायुक्त ने गुवानी गांव की सरपंच रीना यादव की सराहना करते हुए कहा कि वे एक सक्रिय जनप्रतिनिधि हैं और गांव के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि गांव में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की कमी की सामने आई है। इस समस्या के समाधान के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें बीडीपीओ और जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता शामिल हैं। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे सात दिनों के भीतर गांव की सभी जल आपूर्ति लाइनों की जांच करें और जहां-जहां लीकेज या अन्य तकनीकी खामियां हैं उन्हें ठीक करें। साथ ही यदि कहीं जल निकासी की समस्या है तो उसे भी मानसून से पहले दुरुस्त किया जाए, ताकि बरसात के समय कोई परेशानी न हो। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिहमा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस सहित आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। ओआरएस गर्मी के मौसम में होने वाली डिहाइड्रेशन से बचाव में बेहद उपयोगी है। इसमें मौजूद शुगर और नमक शरीर में पानी और जरूरी लवणों की कमी को तेजी से पूरा करते हैं। उल्टी और दस्त जैसी समस्याओं में भी यह काफी कारगर साबित होता है।

### जनगणना पर भी डाला प्रकाश

इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं जनगणना के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल स्वयं जनगणना का अंतिम दिन है और प्रत्येक नागरिक को केवल 10 मिनट में अपनी जानकारी सरकार तक पहुंचानी है। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों की सरकारी नीतियां इसी डाटा के आधार पर तय की जाएंगी। इसलिए सभी लोग सही और सटीक जानकारी दर्ज करें। इसके लिए प्रशासन द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों को डिजिटल ऐप के माध्यम से जनगणना की प्रक्रिया समझाई जाएगी। शिविर में खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय सिहमा से संबंधित सबसे अधिक शिकायतें सामने आईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यालय के कर्मचारी सही ढंग से कार्य नहीं करते और बार-बार शिकायत देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होता। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रेनू लता की अनुपस्थिति को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखने को मिली।

### एक अधिकारी आती हैं केवल एक बार

एक किसान ने बताया कि अधिकारी सप्ताह में केवल एक दिन ही कार्यालय आती हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी होती है। एक बुजुर्ग ग्रामीण ने अनुसूचित जाति के लिए सरकार द्वारा दिए जाने वाले 100 गज के प्लॉटों को ऊंचे दामों पर बेचे जाने की शिकायत की। इस पर उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। वहीं एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि वह पिछले करीब दो वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रहा है। इस पर उपायुक्त ने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर कनेक्शन जारी किया जाए। इसके अलावा एक महिला ने भी प्लॉट की मांग को लेकर उपायुक्त से गुहार लगाई। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों पर व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखी जाएगी और प्रत्येक मामले की एटीआर लेकर शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के कार्यालय आमजन के लिए हमेशा खुले हैं और लोग बिना किसी झिझक अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

# रोटरी क्लब की ओर से सामूहिक विवाह करवाए


नारनौल। सामूहिक विवाह में फेरे लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रोटरी क्लब सिटी एवं बेलाज की ओर से जिले में पांच कन्याओं का प्रथम भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन वीरवार को राधा कृष्ण मैरिज गार्डन में किया गया। जिसमें दूर दराज के इलाकों से आकर शहर में अपना गुजर बसर कर रहे पांच जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह धूमधाम से करवाया गया। जिसमें वर व वधू पक्ष ने स्वेच्छा से एक दूसरे को पसंद करने के उपरांत सामूहिक विवाह हेतु रोटरी क्लब में आवेदन किया था। वीरवार को गोल्डी संग नवीन, डॉली संग संजय, कमलेश संग चीनू, राधा संग मोतीलाल, साक्षी संग हरीश के विवाह की शुभ वेदी राधा कृष्ण गार्डन में सजाई गई। सामूहिक विवाह के दौरान घरवा, वरमाला व संगीतमय फेरों सहित समस्त वैवाहिक रीति रिवाज के साथ अत्यंत सुंदर व्यवस्था में पांचों कन्याओं का विवाह संपन्न करवाया गया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने पूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ संगीतमय फेरे संपन्न करवाए।

### सहयोगियों का किया आभार व्यक्त

रोटरी क्लब प्रधान राजकुमार चौधरी व बेलाज की प्रधान निर्मल जिंदल ने इस भव्य सामूहिक विवाह आयोजन में अपने सहयोग हेतु समस्त सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब सदस्यों व शहर के अन्य गणमान्यजनों के सहयोग से यह सामूहिक विवाह बहुत ही सुंदर व्यवस्था के साथ संपन्न करवाया गया है। सामूहिक विवाह के इंचार्ज प्रवीण संघी, राजकुमार यादव, संजय गर्ग व पवन गुप्ता ने बताया कि विवाह में रोटरी क्लब सिटी ने सभी मेहमानों से कन्यादान स्वरूप मात्र 100 की राशि स्वीकार कर एक मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि इतना भव्य आयोजन सभी साथियों की मेहनत लगन व सहयोग का ही परिणाम है।

विवाह के दौरान रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉक्टर रवि गुगनानी, अजीत जालान, महेश त्रिखा, डॉ. पुष्पा सेठी सहित दिल्ली आदि ने वर वधु को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


महेंद्रगढ़। समझौता ज्ञापन के साथ कुलपति प्रो . टंकेशवर कुमार व अन्य।

## हकेंवि ने एनआईएसडी के साथ किया एमओयू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) के साथ सामाजिक रक्षा एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू हस्ताक्षर समारोह चिंतन शिविर के दौरान चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा तथा रामदास अठावले भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की ओर से मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल तथा समाजशास्त्र विभाग की सहआचार्य डॉ. रीमा गिल उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह सहयोग विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


नारनौल। सेवानिवृत्त कर्मचारी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सेवादार बाल किशन को दी भावभीनी विदाई

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में सेवादार बाल किशन के सेवानिवृत्ति अवसर पर गुरुवार को एक सादगीपूर्ण एवं भावनात्मक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके दीर्घ सेवाकाल और समर्पण की सराहना की। बता दें कि बाल किशन का जन्म 25 अप्रैल 1966 को हुआ था। उन्होंने अपने सेवा जीवन की शुरुआत वर्ष 2000 में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, सोनीपत से की। इसके बाद फरवरी 2004 में उन्होंने बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक नारनौल में कार्यभार संभाला और सेवानिवृत्ति तक पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने संस्थान के विभिन्न विभागों में कार्य किया। विशेष रूप से इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल विभाग में उनकी सेवाएं उल्लेखनीय रहीं। उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सहयोगात्मक स्वभाव ने उन्हें सभी के बीच लोकप्रिय बनाया। समारोह के दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि बाल किशन का योगदान संस्थान के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा और उनकी सेवाएं लंबे समय तक याद की जाएंगी।

## नागरिक अस्पताल में पीएम एसएमए कैंप लगाया

**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयप्रकाश के दिशा निर्देश में पीएमएसएमए (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान) कैंप का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य कर्मचारी रणसिंह मालड़ा ने बताया कि यह एक सरकारी पहल है, जो हर महीने की 9-10 तारीख, 23 और महीने की अंतिम तारीख 30 या 31 को इस कैंप का आयोजन होता है। कैंप में डॉक्टर पूजा, डॉक्टर रितिका और डॉ. स्वाति ने 90 गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच की एवं उनके अल्ट्रासाउंड करवाए है। कैंप में नर्सिंग ऑफिसर मनीषा, कुसुम और पूनम ने जांच में सहयोग किया। कैंप में जांच करवाने पहुंची गर्भवती महिलाओं को एचकेआरएन में कार्यरत कर्मचारी वंदना ने गुड़ चना के पैकेट वितरित किए। इसके साथ-साथ कैंप का आयोजन भी किया गया है। पीपीसी इंचार्ज रणसिंह मालड़ा ने बताया कि परिवार नियोजन कैंप में सर्जन डॉ कंवर सिंह चौहान एवं महिला विशेषज्ञ डॉ मोनू यादव ने आठ महिलाओं और दो पुरुषों की नसबंदी की।


महेंद्रगढ़। गर्भवती महिलाओं को गुड़ चना के पैकेट वितरित करते हुए।

## पाथेड़ा में सेवानिवृत्त मंजू देवी को दी विदाई

**महेंद्रगढ़।** गांव पाथेड़ा के उप-स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशा वर्कर मंजू देवी के सेवानिवृत्त होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके 18 वर्षों के लंबे समय तक दिए गए समर्पित सेवाओं को सराहा गया और भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के बलजीत यादव, सुमन देवी और अरुणा कुमारी ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कर्मचारी नेता मुकेश चौहान व प्रधान देविंद्रा कुमारी उपस्थित रहे, जबकि हेल्थ इंस्पेक्टर पवन शर्मा और एलएचवी मुकेश देवी विशेष रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान मंजू देवी को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में उनके कार्यकाल की निष्ठा, मेहनत और सेवा भाव की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के कुलदीप यादव, विक्रम, ज्ञानचंद, सरला, सुनीता, प्रवीण, वर्षा सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। आशा वर्कर मंजू देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते अतिथि।


नारनौल। सेवानिवृत्ति के बाद शहर में पहुंचे नवीन वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## बिजली निगम के डायरेक्टर सेवानिवृत्त

**नारनौल।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के डायरेक्टर नवीन वर्मा अपने लंबे, सफल व गौरवपूर्ण सेवाकाल के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। वर्तमान में वे शक्ति भवन पंचकूला स्थित मुख्यालय में कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर वर्मा अपने कार्यालय हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड पंचकूला से नारनौल पहुंचे। यहां पहुंचने पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों व कर्मचारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। सेवानिवृत्ति के इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भूपसिंह बडेसरा, रहीश यादव, आशीष शर्मा, सुभाष रोहिल्ला, हरपाल सैनी, भगवत दयाल शर्मा, रामधन सोनी, गीतेश सोनी, चेयरपर्सन कमलेश सैनी, रघुबीर सैनी, सुनील गौड़, अनुपम गौड़, डॉ. मुकेश सोनी, डॉ. मालविका सोनी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. करण चौधरी, अशोक सैनी, चिंतामणि गुप्ता, अंकुर सिंह, अशोक यादव, भुवनेश मित्तल, रामानंद सैनी, ओमप्रकाश, दिनेश सोनी, अशोक सिंघल, देवेंद्र सिंह, प्रदीप सोनी, पवन कुमार, संजय कुमार, विनोद यादव, सतीश धनिया आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीएलईओ प्रकाश हुए सेवानिवृत्त

**नारनौल।** राजकीय पशु हास्पिटल सिहमा में कार्यरत बीएलईओ सेवानिवृत्त हो गए। उनका सम्मान समारोह समारोह स्थल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रिटायर्ड बीएलईओ अमर सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैटनरी सर्विसज एसोसिएशन के जिला प्रधान विक्रम सिंह ने की। सभी वक्ताओं ने उनके अच्छा स्वास्थ्य की कामना की। वक्ताओं ने उनके सरल स्वभाव तथा कर्तव्यपरायणता की प्रशंसा की। इस मौके पर रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रामोतार यादव, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह, सतवीर सिंह चौहान, डॉ. राजपाल सिहमा, डॉ. कपिल, बलवान सिंह, सतवीर सिंह, राजपाल सिंह, रामसिंह, किशनलाल, इंद्राज, हंसराज, नरेश यादव, संजीव नाहरिया, जसवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुशील कुमार, सत्यनारायण, यशपाल, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### गोलवा के छात्र ने पाई बुनियाद परीक्षा में सफलता

**नांगल चौधरी।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोलवा के छात्र उमेश कुमार पुत्र रोहतास कुमार ने शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बुनियाद लेवल 3 परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता प्राप्त की है। मेधावी विद्यार्थी को प्राचार्य अनिल कुमार व शिक्षक स्टॉफ ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में गांव के सरपंच प्रकाशचंद मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य ने कहा कि उमेश कुमार ने स्कूल समय में ही बुनियाद परीक्षा की तैयारी की तथा लेवल 3 की मैरिट सूची में स्थान पाया है। उतीर्ण विद्यार्थी को मॉडल संस्कृति स्कूल नारनौल में दाखिले का ऑफर मिला है। जिसके अनुसार उन्होंने आवेदन कर दिया है।

### हुडा सेक्टर में माता की चौकी का आयोजन

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में बुधवार रात्रि अशोक कुमार गर्ग के निवास स्थान हुडा सेक्टर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब परिवार के प्रधान राकेश यादव, नरेंद्र बंसी, सुनील शर्मा, टीटू सोनी, राजेश सैनी ने संयुक्त रूप से की। माता रानी की चौकी के मुख्य यजमान अशोक कुमार गर्ग, हर्ष कुमार गर्ग सपरिवार रहे। कार्यक्रम संयोजक सुनील शर्मा, प्रवीण यादव, विश्वास एडवोकेट, ललित सैनी, राकेश गर्ग पटवारी ने बताया कि माता रानी का दरबार प्रवीण यादव ने सजाया।

### राजकीय स्कूल में बाबा साहेब को किया याद

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मिडिल स्कूल भांडोर निची में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर व ज्योतिबा फूले को याद किया गया। समाजसेवी सतवीर जोनावास ने बच्चों को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर व ज्योतिबा फूले के संघर्ष व जीवन के बारे में बताया और बच्चों को पढ़ाई के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जो पढ़ेगा, वहीं आगे बढ़ेगा। सतबीर जोनावास ने कक्षा में प्रथम व द्वितीय बच्चों को एक-एक नोटबुक, एक पेन और पेंशन देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय की तरफ से मुख्य अध्यापिका जयश्री ने सतवीर जोनावास का धन्यवाद किया।

### नशा मुक्त अभियान के तहत किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान के तहत टीम द्वारा गांव पालड़ी पनिहारा और जासवास का दौरा कर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव पालड़ी पनिहारा के आयुर्वेद अस्पताल और गांव जासवास के पंचायत घर में ग्रामीणों से नशे के खिलाफ अहम चर्चा की गई। टीम ने विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने ग्रामीणों को बताया कि जो नशा पीड़ित व्यक्ति नशा छोड़कर मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, पुलिस उनकी हरसंभव मदद करेगी।

### सतनाली कॉलेज के सहायक हुए सेवानिवृत्त

**सतनाली मंडी।** राजकीय महाविद्यालय सतनाली में सहायक पन्नालाल को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा ने बताया कि सहायक पद पर रहते हुए पन्नालाल ने 31 वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने अपने सहयोगियों एवं विद्यार्थियों के साथ सदैव सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे और कार्यालयीन कार्यों में उत्कृष्ट तालमेल स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान सहकर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

### 19 साल की सेवा के बाद ग्राम सचिव शेरसिंह सेवानिवृत्त

**मंडी अटेली।** ग्राम सचिव शेरसिंह के 19 वर्षों की सेवा पूर्ण होने पर उनके सेवानिवृत्त होने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद ने की। इस दौरान वक्ताओं ने शेरसिंह के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों और उनकी कार्यशैली की सराहना की। पंचायत समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि शेरसिंह ईमानदार, मेहनती और सहनशील व्यक्तित्व के धनी रहे हैं जिन्होंने पूरे कार्यकाल में बेदाग छवि के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

## कॉलेज में जनगणना को लेकर जागरूकता रैली, एसडीएम योगेश सैनी आईएएस ने किया शुभारंभ

# राजकीय महाविद्यालय में जनगणना जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में जनगणना जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एसडीएम योगेश सैनी आईएएस द्वारा किया गया। एसडीएम योगेश सैनी के महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, सहायक चार्ज अधिकारी राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक कुमार शर्मा, शंकर सहित स्टाफ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। एसडीएम योगेश सैनी बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार पहली बार सभी नागरिकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने का अवसर प्रदान किया गया है, जो पारदर्शिता एवं सहभागिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है तथा सभी नागरिक समय रहते अपना विवरण अवश्य दर्ज करें। कार्यक्रम के दौरान प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ एवं प्रो. गगनदीप यादव ने विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे एसडीएम योगेश सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सभी जनहितकारी कार्यक्रमों में महाविद्यालय का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा जनगणना फॉर्म ऑनलाइन पोर्टल पर सफलतापूर्वक भर दिया गया है।


महेंद्रगढ़। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह, महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह, एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर डॉ. शमशेर सिंह, प्रो. सोमवीर, एनएसएस प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. अशोक कुमार, प्रो. गगनदीप यादव, डॉ. अश्विनी, डॉ. विकास गुप्ता सहित अन्य स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**नारनौल।** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग में लीडर भजन पार्टी पद पर कार्यरत वेदप्रकाश अपनी लगभग 27 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिढ़लान ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति उपनिदेशक उषा रानी भी विशेष तौर पर मौजूद थी। इस मौके पर पूर्व डिप्टी डायरेक्टर उषा रानी ने वेदप्रकाश के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन किया।

**सूचना**

हम, अरविन्द कुमार पुत्र रतिराम व अनिता देवी पत्नी अरविन्द कुमार वासी गांव रामबास तहसील कनीना, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारी पुत्री प्रीती हमारे कहे-सुने से बाहर है तथा मनमर्जी करती है। हम उसे अपनी तमाम चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में कोई भी व्यक्ति इससे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा प्रीती से कोई ताल्लुक-वास्ता नहीं है।

नशे पर लगेगी नकेल, जिले के स्कूलों में चलेगा महाभियान, तस्करों के खिलाफ पुलिस सख्त

# पुलिस, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल : 'एक्शन प्लान' तैयार

पुलिस विभाग: अंतरराज्यीय तस्करी रोकने के लिए विशेष चेकिंग

1. अब हर स्कूल क्लस्टर को एंटी-ड्रग अवेयरनेस प्रोग्राम की फोटो और रिपोर्ट सीधे विभाग को भेजनी होगी
2. स्वास्थ्य विभाग: मेडिकल स्टोर और नशा मुक्ति केंद्रों की सख्त निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने अब 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपना ली है। उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में हुई एनसीओआरडी जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक के बाद जिला एवम खंड शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को 17 अप्रैल को हुई नकोर्ड की बैठक के मिनट्स भेजते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। अब हर स्कूल क्लस्टर को एंटी-ड्रग अवेयरनेस प्रोग्राम की फोटो और रिपोर्ट सीधे विभाग को भेजनी होगी।

### पुलिस का प्रहार : 9 तस्कर गिरफ्तार भारी मात्रा में हेरोइन बरामद

बैठक में मार्च महीने की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें पुलिस की बड़ी कामयाबी सामने आई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत छह मुकदमें दर्ज कर नौ तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है। इस दौरान 526 ग्राम गांजा, 25 ग्राम स्मैक और 42 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि अंतरराज्यीय तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए खुफिया तंत्र को और मजबूत किया जाए।

### मेडिकल स्टोर और नशा मुक्ति केंद्रों पर पैनी नजर

सिर्फ तस्करी ही नहीं, बल्कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर भी प्रशासन सख्त है। ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीमावर्ती इलाकों के मेडिकल स्टोर की औचक जांच करें। वहीं, एसडीएम और सीटीएम को जिले के नशा मुक्ति केंद्रों का हर महीने निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। मार्च में ही 83 नशा पीड़ितों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है।

### शिक्षा विभाग चलाएगा जागरूकता अभियान

नारनौल बीईओ पवन भारद्वाज ने बताया कि सभी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से चलाया जाएगा। प्रार्थना सभा, विशेष कार्यक्रम और अन्य आयोजनों के माध्यम से नशे की लत पर प्रहार किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि नशे पर हर तरफ से ध्यान रखा जाए। अब हर स्कूल क्लस्टर को एंटी-ड्रग अवेयरनेस प्रोग्राम की फोटो और रिपोर्ट सीधे विभाग को भेजनी होगी।

### जंगली भांग दिखे तो तुरंत करें नष्ट

प्रशासन ने सिंचाई, वन और कृषि विभाग को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि यदि उनके क्षेत्र में कहीं भी जंगली भांग या नशीले पौधे उगते हैं, तो उन्हें तुरंत काटकर जलाया जाए। उपायुक्त ने साफ किया कि नशे के खिलाफ इस जंग में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल संचयन के क्षेत्र में दी सौगात

# जल प्रबंधन के लिए बेगपुर में 1.30 करोड़ रुपये से तैयार होगा वाटर रिचार्ज प्रोजेक्ट

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से जल संरक्षण का महायज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। बेगपुर में शुरू हुआ प्रोजेक्ट। फोटो : हरिभूमि

दक्षिणी हरियाणा आंचल में जल संरक्षण व खेती को बचाने की दिशा में प्रदेश सरकार की पहल जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई और स्वास्थ्य मंत्री आरतीसिंह राव के प्रयासों से अटेली क्षेत्र के गांव बेगपुर में सिंचाई विभाग ने एक ऐसी कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया है, जो भविष्य में क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। दरअसल, हर साल बरसात का मौसम यहां के पहाड़ी के साथ लगते किसानों के लिए खुशहाली की जगह तबाही का मंजर लेकर आता था। हर साल बारिश के सीजन में विजयनगर की पहाड़ियों से उतरता पानी अटेली डिस्ट्रीब्यूटरी को तोड़ते हुए खेतों में कटाव कर देता था। स्वास्थ्य मंत्री की अगुवाई में यह समस्या मुख्यमंत्री के सामने रखी गई। सीएम ने तुरंत इस प्रोजेक्ट की मंजूरी दी। यह प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद यह सैलाबी पानी बर्बादी का नहीं, बल्कि खुशहाली का जरिया बनेगा। सिंचाई विभाग की ओर से तैयार यह मास्टर प्लान तकनीक और दूरदर्शिता का संगम है। सिंचाई विभाग ने अटेली डिस्ट्रीब्यूटरी के हिस्सों पर हो रहे कटाव को रोकने के लिए सीमेंट कंक्रीट के बॉक्स टाइप ड्रेनेज क्रॉसिंग बनाने का निर्णय लिया है। जिसके माध्यम से पहाड़ियों से आने वाले पानी को व्यवस्थित कर नहर के नीचे से सुरक्षित निकाला जाएगा। एक हजार मिलीमीटर व्यास की विशालकाय आरसीसी पाइप लाइन के जरिए इस पानी को एक विशाल चार एकड़ के प्रस्तावित जोहड़ की ओर मोड़ दिया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया न केवल फसलों को जलभराव से बचाएगी, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को सुरक्षित रखते हुए किसानों को होने वाले भारी आर्थिक नुकसान पर पूर्ण विराम लगा देगी।

### प्रोजेक्ट को सितंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका वॉटर रिचार्ज मॉडल है, जिसे गिरते भूजल स्तर की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए तैयार किया गया है। इस जोहड़ में दो विशेष वॉटर रिचार्ज बोरवेल का निर्माण किया जाएगा, जो बरसाती पानी की एक एक बूंद को सीधे जमीन के भीतर पहुंचाएंगे। जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र के वॉटर लेवल में सुधार सुनिश्चित होगा। सुरक्षा के लिहाज से एक पक्का स्पिलवे भी बनाया जाएगा।

### परियोजना बनेगी बेगपुर के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की गारंटी

ग्राम पंचायत बेगपुर के सरपंच रणबीर सिंह की ओर से नारियल फोड़कर शुरू किया गया। इस प्रोजेक्ट के शिलान्यास के मौके पर नहर विभाग के उपमंडल अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र की पारिस्थितिकी को बदलने वाला एक मिशन है। इस दौरान सरपंच रणबीर सिंह के साथ सुजान सिंह, अशोक पंच, अजीत सिंह, सत्येंद्र, सतीश चौकीदार, संजय, देवेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, संतोष कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, सुल्तान सिंह, कालूराम व प्रभु दयाल जैसे गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विभागीय तकनीकी टीम से कनिष्ठ अभियंता सुनील व सचिन जैन और इंजीनियरिंग टीम के रवि व सुधांशु ने दोहराया कि यह परियोजना बेगपुर के सुनहरे और सुरक्षित भविष्य की गारंटी बनेगी।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल के नन्हे-मुन्नों ने नृत्य से बिखेरा प्रतिभा का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का संचालन एवं निर्देशन विंग प्रभारी रेखा राघव द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मंच पर आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल मुख्यातिथि रहे। विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल तथा मैनेजर चंचल अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करते हुए राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी और हरियाणवी जैसी विभिन्न लोकनृत्य शैलियों का मनमोहक प्रदर्शन किया।

## शिविर में नागरिकों ने रखीं 42 समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



जिला प्रशासन की ओर से वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में 42 नागरिकों ने अपनी व्यथा अधिकारियों के समक्ष रखी। जिला परिषद के सीईओ निर्मल नागर ने इन शिकायतों की अध्यक्षता करते हुए एक एक फरियादी की बात को धैर्यपूर्वक सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के कड़े निर्देश दिए। शिविर के दौरान मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी को लेकर नागरिकों में भारी चिंता देखी गई। इसके अलावा बिजली आपूर्ति, पेयजल किल्लत और पुलिस प्रशासन से संबंधित मामलों पर भी सीईओ ने संबंधित विभागों से जवाब तलबी की। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के साथ साथ उपमंडल स्तर पर भी हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक ये शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डॉयरी

### अग्रवाल वैश्य समाज ने किया युवा टीम का गठन

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज की युवा इकाई की संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले की नई युवा टीम का गठन किया गया है। इसमें चिराग अग्रवाल को जिला युवा अध्यक्ष, यश बंसल को जिला युवा महासचिव व उदिक सिंघल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अनुशंसा पर युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल ने की। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल, प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता, जिला अध्यक्ष संदीप नूनीवाला, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष रवि गर्ग का आभार व्यक्त किया।

### मंदिर का दानपात्र तोड़कर हजारों रुपये चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव खायरा स्थित प्राचीन बाबा बनवारी दास मंदिर में चोरों ने दानपात्र तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे में सरपंच प्रतिनिधि ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत खायरा के सरपंच प्रतिनिधि राजवीर ने बताया कि बाबा बनवारी दास मंदिर गांव की आस्था का प्रमुख केंद्र है और गांव बसने के समय से यह मंदिर श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना का मुख्य स्थान रहा है। गांव में किसी भी शुभ कार्य से पहले सबसे पहले इसी मंदिर में पूजा की जाती है। राजवीर के अनुसार मंदिर में रखे दानपात्र को नियमित अंतराल पर खोला जाता है। दानपात्र को एक-दो दिन में खोला जाना था, लेकिन उससे पहले ही अज्ञात चोरों ने रात के समय दानपात्र का निचला हिस्सा तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो घटना का पता चला। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार दानपात्र में करीब 20 से 25 हजार रुपये की राशि मौजूद थी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में मिला व्यक्ति का शव

**नांगल चौधरी।** शहर के अस्थाई बस स्टैंड के समीप बैजनाथ चौधरी तिबारे में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। जिससे दुकानदार व यात्रियों में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तिबारे में लंबे समय से इसी व्यक्ति का आना जाना रहता था। वीरवार की सुबह स्थानीय लोगों ने व्यक्ति को तिबारे की कुर्सियों के पास अचेत अवस्था में पाया। उन्होंने उसको उठाने का प्रयास किया, लेकिन होश नहीं आने पर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना से अवगत कराया। इसके बाद तिबारे में पहुंची पुलिस ने शव का निरीक्षण किया तथा जेब की तलाशी ली। इस दौरान मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर दुकानदारों से संपर्क किया, लेकिन किसी भी दुकानदार या यात्री ने पहचानने से इंकार कर दिया।

### दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए हड़ताल जारी

**नारनौल।** फरीदाबाद अग्निकांड में मारे गए दो बहादुर दमकल कर्मियों की मौत पर उन्हें शहीद का दर्जा दिलाने, आश्रित परिवारों को एक–एक करोड़ की आर्थिक सहायता तथा सरकारी नौकरी दिलाने की मांग को लेकर चला आ रहा फायर कर्मियों का धरना–प्रदर्शन बृहस्पतिवार को भी निरंतर जारी रहा।



प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने प्रदेश सरकार के मुखिया को आड़े हाथों लिया और उनकी दोहरी नीति की खुलक आलोचना की। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद अग्निकांड में एक पुलिस कर्मी एवं दो दमकल कर्मी आग में झुलसने से मारे गए थे। मगर बड़े कमाल की बात है कि सीएम ने पुलिस कर्मी को शहीद का दर्जा दे दिया और परिवार को एक करोड़ की सहायता एवं नौकरी दे दी, लेकिन दूसरी ओर उसी अग्निकांड में मारे गए दो दमकल कर्मियों को महज 30–30 लाख रुपये की सहानुभूमि राशि दी जा रही है। यह कैसा न्याय है। इससे दमकल कर्मियों में भारी रोष है और वे हड़ताल करके इस रोष का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अन्याय को वे सहन नहीं करेंगे। इंसाफ बराबर का होना चाहिए। जान उनको भी प्यारी है, जान हमको भी प्यारी है। इसलिए शहादत में भेदभाव नहीं होना चाहिए। दो ही अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हुए हैं और उनकी शहादत को पूरा एवं बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। इस धरने में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी शामिल रहे। इस मौके पर धरने पर प्रधान गुरदयाल सिंह, लीलाराम, संदीप कुमार, हरिओम, सतपाल सिंह, इंद्रसिंह, अजय कुमार, राकेश कुमार, सुभाष चंद, प्रदीप कुमार, रविकांत, अशीष, हवासिंह, विक्रम जोया, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, सुंदर कुमार एवं विनित यादव आदि मौजूद रहे।

### जनगणना महाभियान के डिजिटल चरण के बाद अब फील्ड ऑपरेशन

**नारनौल।** राष्ट्रीय जनगणना के महाभियान एक मई की सुबह के साथ ही अब यह अभियान डिजिटल पोर्टल्स की सीमाओं से निकलकर घर घर दस्तक देगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि एक मई से प्रगणक और पर्यवेक्षक सीधे नागरिकों के घरों पर दस्तक देकर डेटा संग्रह की वास्तविक प्रक्रिया यानी हाउस लिस्टिंग का आगाज कर रहे हैं। प्रशासन की यह फील्ड एक्सरसाइज न केवल एक सांख्यिकीय गणना है, बल्कि यह आगामी दशक के लिए हरियाणा के विकास और संसाधनों के न्यायसंगत बंटवारे की रूपरेखा तैयार करने का सबसे बड़ा आधार बनेगी। उपायुक्त ने इस चरण की शुरूआत पर कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह उत्तरदायित्व है कि वे अपने द्वार पर आने वाले जनगणना कर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें और सटीक जानकारी साझा करें।

### समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का तय समय में करें निपटान: डीसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डीसी अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीरवार को महेंद्रगढ़ लघु सचिवालय एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अनुपमा अंजली ने आमजन की शिकायतें सुनी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तय समय में निपटान करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान एसपी दीपक व एसडीएम योगेश सैनी भी मौजूद रहे। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, 100 गज प्लाट, अवैध कब्जे, बिजली कनेक्शन, पेयजल, पुलिस विभाग से संबंधित 47 शिकायतें आईं, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवा दिया गया। वहीं लंबित शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### 22 वर्षों तक ज्ञान की ज्योति जलाने वाले शिक्षक को भावुक विदाई

**नारनौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमानिया में आयोजित विदाई समारोह ने एकबार फिर यह साबित कर दिया कि समर्पित शिक्षक समाज की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं।



भूगोल प्रवक्ता सत्यवीर सिंह के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में 22 वर्षों की उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को भावभीनी श्रद्धा के साथ याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा, "शिक्षा शेरनी का दूध है, जो इसे पीता है, वह दहाड़ना सीख जाता है।" उन्होंने इस कथन के माध्यम से शिक्षा की ताकत और शिक्षक की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं समाजसेवी पंकज पिलानिया ने कहा कि एक सच्चा शिक्षक केवल पढ़ाता ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने सत्यवीर सिंह के कार्यकाल को प्रेरणादायक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर भावनाओं से सराबोर नजर आया। छात्रों, स्टाफ और ग्रामीणों ने मिलकर गुरुजी को फूल-मालाएं पहनाकर, पगड़ी बांधकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### विधानसभा में क्लर्क बिल पास, ग्रुप डी कर्मचारियों ने जताया आभार

**मंडी अटेली।** विधानसभा में क्लर्क से जुड़े बिल के पास होने के बाद ग्रुप डी कर्मचारियों और यूनियन पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। ग्रुप डी यूनियन 1209 के गुरुग्राम डिवीजन प्रेजिडेंट नरसिंह सैनी सहित पदाधिकारी व सदस्य कर्मचारियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विकास सैनी और मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी का आभार जताया। यूनियन के गुरुग्राम डिवीजन प्रेजिडेंट नरसिंह सैनी ने बताया कि यह संघर्ष पिछले सात वर्षों से जारी था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

महेंद्रगढ़ में कार्य करने के अवसर पर अधिवक्ताओं से धैर्य व निष्ठा जैसी सीख मिली: नरेंद्र

## वकीलों ने पीड़ितों को न्याय दिलाने में हमेशा सहयोग किया: सूरा

- बार एसोसिएशन में कार्यरत न्यायाधीशों के तबादले पर हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। विदाई पर बार के अधिवक्ताओं के साथ खुशियां सांझा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बार एसोसिएशन में कार्यरत न्यायाधीशों के तबादले पर एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा मुख्य अतिथि रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक दीपक जेवरिया एवं एसडीएम योगेश सैनी ने संयुक्त रूप से की। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने कहा कि उनका तबादला भी गुरुग्राम हो गया है। उन्होंने महेंद्रगढ़ के अधिवक्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं ने न्याय दिलाने में हमेशा न्यायपालिका का पूरा सहयोग किया है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां कार्य करते हुए उन्हें अधिवक्ताओं से धैर्य, ईमानदारी और निष्ठा जैसी महत्वपूर्ण सीख मिली। उन्होंने महेंद्रगढ़ बार में एडीजे की व्यवस्था को लेकर किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया और कहा कि इस संबंध जो प्रयास मेरे द्वारा करना था किया जा चुका है, अंतिम निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा। वही महेंद्रगढ़ बार के अनुरोध पर अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ा हाल के लिए उनके द्वारा रिकमेंड किया जा चुका है यह कार्य प्रक्रिया में है। कार्यक्रम के दौरान बार प्रधान संदीप यादव के अनुरोध पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने अधिवक्ताओं के आवागमन के लिए गेट नंबर-2 का रिबन काटकर शुभारंभ किया। जो कि लंबे समय से बंद होने की वजह से अधिवक्ताओं के आवागमन में असुविधा हो रही थी। एसपी दीपक जेवरिया एवं एसडीएम योगेश सैनी ने भी न्यायाधीशों के स्थानांतरण पर उनके कार्यों की सराहना की। वहीं एसडीजेएम गौरव खटाना ने बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए सहयोग और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बार प्रधान संदीप यादव ने सभी न्यायाधीशों का महेंद्रगढ़ के अधिवक्ताओं का न्यायपालिका में सहयोग करने पर आभार प्रकट किया। इस दौरान बार प्रधान संदीप यादव सहित अन्य अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा, न्यायाधीश गौरव खटाना, न्यायाधीश प्रदीप कुमार, न्यायाधीश रितु तंवर, विक्रम जीत, जतिन गुजराल, नीलम कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महिला अधिवक्ताओं की ओर से भी बार सेक्रेटरी शर्मिला यादव, पूजा यादव, रेखा यादव, रमेश, गायत्री रबारी ने भी उन्हें सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

समारोह में सतीश डागर, शर्मिला (सेक्रेटरी), रमेश बोहरा, मदन सिंह शेखावत, सुरेश शर्मा, आलोक खैरवाल, राजीव यादव, रविंद्र यादव, सुरेंद्र, राजवीर, विनोद तंवर, सुदीप, राजकुमार जासावास, वीरेंद्र यादव, पवन बंसल, सतवीर चौधरी, इंद्रपाल बोहरा, बीएल यादव सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए 3 लाख तक का ऋण

**नारनौल।** प्रदेश सरकार की ओर से विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से इस योजना के तहत महिलाएं अपना व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विधवा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष व वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।